an>

title: Need to increase the commission of Agents working with post offices in the country.

**श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) :** महोदय, भारत सरकार के पोस्ट ऑफिस में लघु बचत योजनाएँ चलायी जाती हैं। इन योजनाओं को सफल बनाने के लिए ज्यादातर महिला एजेंटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महिला एजेंट घर-घर जाकर महिलाओं को बचत के लिए प्रेरित करती हैं साथ ही डाकघरों को अधिक से अधिक धन इन योजनाओं के मार्फत निवेश करवा देती हैं।

डाकघरों में पहले से चल रही योजनाएँ, जैसे मासिक बचत योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र, रेकरिंग डिपोजिट, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, किसान विकास पत्र आदि में इन एजेंटों को जो-जो कमीशन दिया जाता था, वह या तो आधा कर दिया गया या पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया। सरकार की जो नयी योजनाएँ आ रही हैं, उसमें एजेंट की भूमिका ही खत्म कर दी गयी है। जाहिर है कि कमीशन आधा होने या बिल्कुल समाप्त होने के बाद पोस्ट ऑफिस में इन योजनाओं के तहत निवेश होने वाले फंड पर बहुत असर पड़ा है। पहले से ही डाकघरों की स्थिति अच्छी नहीं थी और योजनाओं में कम निवेश प्राप्त होने से और भी खराब हो रही है।

मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी और संचार मंत्री जी से निवेदन है कि महिला एवं समस्त एजेंटों के कमीशन को कम या समाप्त करने के निर्णय पर पुनः विचार करें एवं पहले के जैसा ही कमीशन का प्रतिशत रखें, ताकि महिला एजेंटों में काम करने की रूचि बनी रहे और अधिक से अधिक निवेश डाकघरों की योजनाओं को मिले।

**माननीय सभापति :**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।